दैनिक नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

नववर्ष की शुभकामनाएं

www.naiduniaonline.com

वर्ष- 77 (भोपाल: वर्ष 39 अंक 33,पृष्ठ 12) सोमवार 01 जनवरी 2024 राजधानी संस्करण कीमतः 3:00 रुपये


## नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं

**नववर्ष** पर **दैनिक नईदुनिया** परिवार की ओर से अपने शुभचिंतकों, पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं एजेंट बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**प्रबंध संपादक**

## खास-खबरें

### मणिपुर में साल के आखिरी दिन हिंसा

**इंफाल/नई दिल्ली (एजेंसी)।** मणिपुर के सीमावर्ती शहर मोरेह में 2023 के आखिरी दिन हिंसा की घटनाएं देखी गईं। संदिग्ध उग्रवादियों ने पुलिस के काफिले पर शनिवार को दिन में घात लगाकर हमला किया और रात में पुलिस कमांडो के बैरक पर रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड से हमला किया। आरपीजी हमले में चार पुलिस कमांडो घायल हो गए। शनिवार को घात लगाकर किए गए हमले में एक कमांडो घायल हुआ था। सबसे पहले असम राइफल्स के प्रमुख लोकेशन पॉइंट के पास मोरेह में तैनात विशेष पुलिस कमांडो पर घात लगाकर हमला किया गया। शनिवार को हुए इस हमले में एक कमांडो घायल हो गया।


### जिहादी संबंधों के संदेह में बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मोरीगांव जिले में जिहादी होने के संदेह में एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया, जिसने अवैध तरीकों से मतदाता सूची में अपना नाम भी दर्ज कराया था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मोरीगांव के पुलिस अधीक्षक, हेमंत कुमार दास ने कहा कि पुलिस ने एक गुप्त सूचना मिलने के बाद शनिवार रात जिले के चेनिमारी इलाके में छापेमारी की। उन्होंने बांग्लादेशी पासपोर्ट वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने अधिकारियों को बताए बिना एक महिला के घर में शरण ली थी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए इस्लाम मंडल पर जिहादी होने का संदेह है।

### मन की बात में बोले पीएम मोदी

# राम मंदिर को लेकर पूरे देश में है उत्साह

**नई दिल्ली (एजेंसी)। मन की बात के 108 वें एपिसोड को अपने लिए बहुत खास बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह और उमंग है। लोग अपनी भावनाओं को अलग-अलग तरह से व्यक्त कर रहे हैं। आपने देखा होगा कि बीते कुछ दिनों में श्री राम और अयोध्या को लेकर कई सारे नए गीत और भजन बनाए गए हैं।**



बहुत से लोग नई कविताएं भी लिख रहे हैं। इसमें बड़े-बड़े अनुभवी कलाकार भी हैं तो नए उभरते युवा साथियों ने भी मन को मोह लेने वाले भजनों की रचना की है। कुछ गीतों और भजनों को तो मैंने भी अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ऐसा लगता है कि कला जगत अपनी अनूठी शैली में ऐतिहासिक क्षण का सहभागी बन रहा है। मोदी ने लोगों से हैशटैग श्रीरामभजन के साथ अपनी रचनाओं को साझा करने का आग्रह करते हुए आगे कहा कि मेरे मन में एक बात आ रही है कि क्या हम सभी लोग ऐसी सारी रचनाओं को एक कॉमन हैशटैग के साथ शेयर करें। मेरा आपसे अनुरोध है कि हैशटैग श्रीरामभजन के साथ आप अपनी रचनाओं को सोशल मीडिया पर शेयर करें। यह संकलन भावों का, भक्ति का ऐसा प्रवाह बनेगा जिसमें हर कोई राममय हो जाएगा।

पीएम मोदी ने 108 वें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मनके, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां, 108 घंटियां, 108 का ये अंक असीम आस्था (शेष पेज 7 पर)

### राष्ट्र सबसे पहले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से राष्ट्र को सबसे पहले रखने का आव्हान करते हुए कहा है कि भारत के विकास में हमें निरंतर जुटे रहना है। श्री मोदी ने कहा कि 2024 अब कुछ ही घंटे दूर है। भारत की उपलब्धियां, हर भारतवासी की उपलब्धि है। हमें पंच प्राणों का ध्यान रखते हुए भारत के विकास के लिए निरंतर जुटे रहना है। उन्होंने कहा कि हम कोई भी काम करें, कोई भी फैसला लें, हमारी सबसे पहली कसौटी यही होनी चाहिए कि इससे देश को क्या मिलेगा, इससे देश का क्या लाभ होगा। राष्ट्र प्रथम - इससे बड़ा कोई मंत्र नहीं। इसी मंत्र पर चलते हुए हम भारतीय, अपने देश को विकसित बनाएंगे, आत्मनिर्भर बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी 2024 में सफलताओं की नई ऊंचाई पर पहुंचे, आप सभी स्वस्थ रहें, फिट रहें, खूब आनंद से रहें - मेरी यही प्रार्थना है।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओंकारेश्वर के महंत मंगलदास त्यागी के आश्रम में दर्शन किए।

### आतंकवाद पर केंद्र का बड़ा प्रहार

# तहरीक-ए-हुर्रियत को सरकार ने प्रतिबंधित संगठन घोषित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह तहरीक-ए-हुर्रियत (टीईएच) जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और भारत विरोधी दुष्प्रचार करने के चलते रविवार को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में घोषणा करते हुए कहा कि संगठन को जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी गतिविधियों को जारी रखते और भारत विरोधी दुष्प्रचार करते हुए पाया गया।**



उन्होंने कहा कि भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हर व्यक्ति या संगठन की साजिश को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति के तहत विफल कर दिया जाएगा। अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा, ''तहरीक-ए-हुर्रियत, जम्मू-कश्मीर (टीईएच) को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की निषिद्ध गतिविधियों में शामिल है। पाकिस्तान समर्थक इस समूह का नेतृत्व पहले दिवंगत अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के हाथों में था। इसके बाद इसका नेतृत्व मसर्रत आलम भट के पास आ गया। भट को भारत विरोधी और पाकिस्तान के समर्थन में एजेंडा चलाने के लिए जाना जाता है। भट फिलहाल जेल में है और उसकी पार्टी 'मुस्लिम लीग ऑफ जम्मू कश्मीर को 27 दिसंबर को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया गया था। यह जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए भारत विरोधी प्रचार फैला रहा है और आतंकवादी गतिविधियां जारी रख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन की हरकतों को विफल कर दिया जाएगा।

### उज्जैन, बैतूल, होशंगाबाद के कलेक्टर बदले

# संदीप यादव नए सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क

**भोपाल(काप्र)।** राज्य शासन ने रविवार देर शाम भारतीय प्रशासनिक सेवा के दस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए। प्रमुख सचिव राजस्व संदीप यादव को जनसंपर्क विभाग का दायित्व सौंपा गया है, वहीं मौजूदा आयुक्त विवेक पोरवाल को श्री यादव के स्थान पर पदस्थ किया गया है। आज जारी आदेश में उज्जैन,नर्मदापुरम व बैतूल कलेक्टर भी बदले गए हैं। वहीं गुना में नए कलेक्टर की पदस्थापना की गई। नए आदेश के अनुसार विवेक पोरवाल,सचिव व आयुक्त जनसंपर्क से प्रमुख सचिव राजस्व आयुक्त, संदीप यादव प्रमुख सचिव राजस्व आयुक्त से सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क, नीरज कुमार सिंह कलेक्टर नर्मदापुरम् से कलेक्टर उज्जैन, कुमार पुरुषोत्तम कलेक्टर उज्जैन से उपसचिव मंत्रालय, नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी एमडी बीज निगम से कलेक्टर बैतूल,अमनबीर सिंह बैंस कलेक्टर बैतूल से कलेक्टर गुना,सोनिया मीना संचालक आदिम जाति से कलेक्टर नर्मदापुरम, रोशन कुमार सिंह आयुक्त ननि उज्जैन से सीईओ स्मार्ट सिटी भोपाल,स्वपिनल जी वानखेड़े आयुक्त ननि जबलपुर से सह आयुक्त संस्थागत वित्त,प्रीति यादव अपर कलेक्टर उज्जैन से आयुक्त ननि जबलपुर।



**इन्हें अतिरिक्त प्रभार:** दीपाली रस्तोगी पीएस महिला एवं बाल विकास को पीएस सहकारिता विभाग, श्रीमन शुक्ला एमडी मार्कफेड को एमडी बीज विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# भारतीय नौसेना ने तैनात किया नेवल टास्क ग्रुप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं के बाद भारतीय नौसेना ने उत्तर व मध्य अरब सागर और अदन की खाड़ी में निगरानी बढ़ा दी है। नौसेना ने बताया कि समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने और किसी भी हमले की स्थिति में व्यापारिक जहाजों की मदद करने के लिए नेवल टास्क ग्रुप को तैनात किया गया है। नौसेना ने कहा कि वह हिंद महासागर में नए सुरक्षा खतरों की जांच के लिए तटरक्षक बल के साथ मिलकर काम कर रही है। भारतीय नौसेना का यह कदम एक व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो पर भारतीय समुद्र तट से 400 किमी दूर हुए एक ड्रोन हमला के बाद आया है। वहीं भारतीय नौसेना के विस्फोटक आयुध रोधी दल ने अरब सागर में ड्रोन हमले का सामना करने वाले लाइबेरिया के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो के सोमवार को मुंबई पहुंचने पर उसका (शेष पेज 7 पर)

### भाजपा के झूठ हैं सबसे मजबूत : खड़गे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के वादों को लेकर रविवार को उनकी आलोचना की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झूठ सबसे मजबूत हैं। खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी जी, 2023 का आज आखिरी दिन है। आपने कहा था कि 2022 तक ही हर किसान की आमदनी दोगुनी हो जाएगी। हर हिंदुस्तानी के पास घर होगा और उसमें चौबीसों घंटे बिजली मिलेगी। अर्थव्यवस्था 5,000 अरब डॉलर की हो जाएगी।



# उत्तर पश्चिम भारत में जारी रहेगा घना कोहरा :आईएमडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर पश्चिम भारत में बढ़ रही सर्दी को लेकर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि उत्तर पश्चिम और आसपास के मध्य भारत के मैदानी इलाकों के कई हिस्सों में घना कोहरा जारी रहने की संभावना है। अगले दो दिनों में पूर्वी भारत तक इसके बढ़ने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने कहा कि अगले दो दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में सर्दी पड़ने की संभावना है। आईएमडी ने अपने बुलेटिन में कहा कि 2 जनवरी की सुबह तक पंजाब के कई हिस्सों में और उसके बाद के तीन दिनों तक कुछ हिस्सों में घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है, जबकि हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर के कुछ हिस्सों में भी ऐसी ही स्थिति बनी रहने की संभावना है।

### भारत में एक दिन में कोविड के 841 नए मामले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में कोरोना वायरस (कोविड-19) के मामलों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। देश में बीते 24 घंटों कोविड-19 के 841 नए मामले दर्ज किए गए, जिससे रविवार को कुल एक्टिव मामलों की संख्या 4,309 हो गई। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले देश में 19 मई को 865 नए मामले दर्ज किए गए थे। इन 24 घंटों में तीन मरीजों की मौत हुई है। इसमें एक मौत केरल, एक कर्नाटक और एक बिहार में हुई है।



**स्पेशल खबर** *जिन लोगों ने अन्याय करने में कोई कसर नहीं छोड़ी...*

# वो आजकल न्याय यात्रा की कल्पना कर रहे हैं : नड्डा

**लखनऊ (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को विपक्षी दलों खासतौर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने हमारे समाज में अन्याय करने में कोई कसर नहीं छोड़ी वो आजकल न्याय यात्रा की कल्पना कर रहे हैं।**

रविवार को यहां दुबग्गा चौराहा के एक पार्क में केंद्रीय मंत्री व मोहनलालगंज से भाजपा के सांसद कौशल किशोर द्वारा आयोजित महिला हाफ मैराथन में शामिल होने के बाद नड्डा एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने इतने वर्षों में भारत को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी, वो भारत जोड़ो यात्रा पर निकल गये। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने हमारे समाज में अन्याय करने में कोई कसर नहीं छोड़ी वे आजकल न्याय यात्रा की कल्पना कर रहे हैं। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि जिन लोगों ने अपने परिवार से बाहर कभी कुछ नहीं सोचा, वे देश की बात कर रहे हैं। नड्डा ने 14 जनवरी से शुरू होने वाली कांग्रेस की भारत न्याय यात्रा के मद्देनजर नड्डा यह टिप्पणी की. यह यात्रा मणिपुर से शुरू होकर 14 राज्यों और 85 जिलों से होते हुए मुंबई पहुंचेगी। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा था कि भारत न्याय यात्रा के तहत 6,200 किलोमीटर दूरी तय की जाएगी और महाराष्ट्र पहुंचने से पहले यह मणिपुर, नागालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होकर (शेष पेज 7 पर)




वार्षिक पंचांग 2024

शीघ्र आ रहा है




बारह पृष्ठीय बहुरंगीय वार्षिक पंचांग

विज्ञापन के लिए

अपने जिले/नगर के हमारे नईदुनिया ब्यूरो/संवाददाता से शीघ्र संपर्क करें

स्थान सीमित

नईदुनिया

2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स,

महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011